Page No.
Date :

जनभागीदारी की सामान्य परिषद एवं
वित्त समिति की बैठक

सत्र 2022-23

दिनांक 25/04/2023

आज दिनांक 25/04/23 मंगलवार को प्रातः 11 बजे शास० वि० या० ता० स्नात० स्वशासी महा०, दुर्ग की जन भागीदारी समिति की सामान्य परिषद एवं वित्त समिति की बैठक स्वशासी भवन के मीटिंग हाल में आयोजित की गई। इसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए

1. श्री आशुतोष सिंह जी — अध्यक्ष जनभागीदारी समिति
2. डॉ० आर० एन० सिंह — प्राचार्य
3. श्री देवेन्द्र चौबे — संयुक्त निदेशक कोष एवं लेखा
4. डॉ० राजेन्द्र चौबे
5. श्री राकेश शर्मा — विशेष सलाहकार
6. श्री राजेन्द्र साहू — विशेष सलाहकार
7. — मुख्य कार्यपालन अभियंता
8. श्री विजय बघेल — सांसद
9. श्री अरुण वोरा — विधायक
10. श्री विजय गुप्ता — उद्योगपति
11. श्री जयेश सोनी — उद्योगपति

| | | |
|---|---|---|
| 12. | श्री डामेन्द्र परगनिहा | भूतपूर्व छात्र |
| 13 | श्री शाहबाज मिर्जा | भूतपूर्व छात्र |
| 14. | श्री अनूप यादव | सदस्य |
| 15. | श्री आयुष शर्मा | सदस्य |
| 16 | श्री भावेश कटारे | सदस्य |
| 17. | श्री बसंत मंडावी | सदस्य |
| 18. | श्री सुमित ताम्रकार | सदस्य |
| 19. | श्रीमती शशि पटवा | महिला प्रतिनिधि |
| 20. | डॉ० ए० के० खान | प्राध्यापक |
| 21. | डॉ० अनिल कुमार कश्यप | प्राध्यापक |
| 22. | डॉ० जी० एस० ठाकुर | सहा० प्राध्यापक |
| 23. | डॉ० राकेश तिवारी | सहा० प्राध्यापक |

# साइंस कॉलेज में जन-भागीदारी समिति का सम्मान समारोह



शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के जन–भागीदारी समिति के सम्मान समारोह का आयोजन 25 अप्रैल को स्वशासी भवन के सभागार में किया गया जिसमें सांसद विजय बघेल, जनभागीदारी अध्यक्ष आशुतोष सिंह, विशेष सलाहकार राजेन्द्र साहू के साथ समिति के सदस्य शहवाज मिर्जा, डामेन्द्र परगनिहा, अनूप यादव, जयेश सोनी, आयुष शर्मा, सुमित ताम्रकार, भावेश इंजीनियर, सुनील मेश्राम, अन्य सदस्यों को ेसम्मान हेतु सादर आमंत्रित किया गया।

इन सभी का महाविद्यालय विकास यात्रा में पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ जिसके कारण इस महाविद्यालय ने नैंक ए प्लस’ (उच्चतम अंकों के साथ) प्राप्त कर देश में अपना स्थान बनाया है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा श्रीफल, शाल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सभी का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

प्राचार्य डाॅ. आरएन सिंह ने स्वागत भाषण के साथ महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा की, ये उपलब्धियाँ विशेष रूप से अध्यक्ष आशुतोष के कार्यकाल में मिली। सभी सदस्यों ने संस्थान का भ्रमण किया एवं महाविद्यालय में छात्रहित में चलाई जा रही गतिविधियों की सराहना की।

प्राचार्य द्वारा अतिथियों से सुझाव भी मांगे गए और कमरों की आवश्यकता की पुरजोर मांग की। अतिथियों ने कमरे बनवाने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक राजेन्द्र चौबे ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि स्वच्छ छवि के ये सफल नेता हमारे महाविद्यालय के गर्व हैं। उनके छात्र रहे राजेन्द्र साहू एवं आशुतोष सिंह ने अपने छात्र जीवन के स्मरणीय पलों की चर्चा की। सांसद विजय बघेल ने काॅलेज की प्रशंसा की। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के संयोजक डाॅ. अनिल कुमार कश्यप सदस्य डाॅ. जी. एस. ठाकुर एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। डाॅ. राकेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।












स्वशासी परीक्षा
प्रकोष्ठ



